चीन सीमा पर सोने की तस्करी

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) ने **ऑपरेशन जज़्बा** के तहत पूर्वी लद्दाख में चीन सीमा के पास दो व्यक्तियों को चीन से 108 किलोग्राम सोने के बिस्कुट की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

- हालाँकि छोटी वस्तुओं की तस्करी आम बात थी,लेकिन यह पहली बार था कि इस क्षेत्र में कथित सोने की तस्करी का रैकेट उजागर हुआ, जो **ITBP द्वारा सोने की तस्करी की अब तक की सबसे बड़ी खेप** थी।
- ITBP को **केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA)** द्वारा **तलाशी और ज़ब्त करने के लिये अधिकृत** किया गया है तथा साथ ही तस्करी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिये सीमा पर **सीमा शुल्क की शक्तियों का प्रयोग करने के लिये इसे ITBP अधिनियम में भी शामिल** किया गया है।

//

और पढ़ें: तस्करी की समस्या का मुकाबला

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gold-smuggling-at-china-border